इंडियन ऑयल एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल और ग्रीन कॉम्बो लुब्रिकेंट का भारत में पहला ट्रॉयल हरियाणा से हुआ शुरू

चर्चा में क्यों?

हाल ही में इंडियन ऑयल द्वारा इंडियन ऑयल एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल और ग्रीन कॉम्बो लुब्रिकेंट का भारत में पहला ट्रायल हरियाणा के बल्लभगढ़ बस अड्डे से शुरू किया गया है। इस ग्रीन डीजल से वाहनों से होने वाले प्रदूषण से राहत मिलेगी, वहीं माइलेज भी 5 प्रतिशत बढ़ जाएगी।

प्रमुख बिंदु

- हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ स्थित बस अड्डे से इस ट्रायल का शुभारंभ किया। इस ऑयल की खोज फरीदाबाद में इंडियन ऑयल सेंटर ने की है।
- परिवहन मंत्री ने बताया कि एक्स्ट्रा ग्रीन ऑयल के ट्रायल के लिये रोडवेज की 10 बसों का उपयोग किया जाएगा। इनमें निरंतर इस ऑयल का प्रयोग कर सभी पैमानों पर इसकी गुणवत्ता को चेक किया जाएगा।
- इस अवसर पर इंडियन ऑयल के आरडी सेंटर के निदेशक डॉ. एसएसवी रामाकुमार ने बताया कि इंडियन ऑयल के इस ग्रीन कॉम्बो के विभिन्न परीक्षणों में अब तक 5 ओर 7 प्रतिशत और इससे अधिक फ्यूल इकोनॉमी का लाभ हुआ है।
- 40 हज़ार किलोमीटर के ट्रायल के बाद इसे पूरे हरियाणा रोडवेज में लागू किया जाएगा, जिससे हरियाणा रोडवेज को सालाना लगभग 40 करोड़ रुपए का फायदा होगा।
- इस एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल और ग्रीन कॉम्बो लुब्रिकेंट से प्रदूषण में कमी आएगी और गाड़ियों की माइलेज भी बढ़ेगी। इससे लगभग 1000 टन कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी आएगी और पर्यावरण संरक्षण में लाभ मिलेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indian-oil-extra-green-diesel-green-combo-lubricants-first-trial-in-india-begins-from-haryana